इतिहास उन्हें याद रखता है जो इतिहास रचते हैं: सुरेश राणा

● क्षत्रीय वर्ग विपरीत परिस्थितियों में भी बेहतर कार्य करने की क्षमता रखता है: मोती सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

योगी सरकार में मंत्री सुरेश राणा ने कहा कि इतिहास उन्हें याद रखता है जो इतिहास बनाते हैं। हिन्दुस्तान अकूत संपदा का धनी देश है। महाराणा प्रताप ने राष्ट्र का गौरव बढ़ाया है समाज को एकजुट कर विदेशी आक्रमणकारियों का मुकाबला किया। महाराणा प्रताप के दिखाए रास्ते में चलकर देश को मजबूत करना होगा। वहीं दूसरी ओर मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ मोती सिंह ने कहा कि क्षत्रीय वर्ग विपरीत परिस्थितियों में भी बेहतर कार्य करने की क्षमता रखते हैं।

मंत्री मोती सिंह ने कहा कि इस वर्ग में प्रतिभाओं की कमी नहीं है ऐसे लोगों को अवसर देने की जरूरत है। मंत्री ने यह बात उत्तर प्रदेश क्षत्रिय लोक सेवक परिवार महासमिति के तत्वावधान में रविवार को गोमतीनगर स्थित एसकेडी एकेडमी में आयोजित हल्दीघाटी विजयोत्सव सामाजिक सरोकार एवं सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कही। इस मौके पर मंत्री महेन्द्र सिंह भी मौजूद थे। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में ख्याति प्राप्त 35 विभूतियों एवं हाईस्कूल तथा इण्टर मीडिएट में अच्छे अंक पाने वाले 35 छात्र-छात्राओं को भी सम्मानिक किया गया। सम्मानित होने वाले विभूतियों में क्रमशः डॉ. बैजनाथ सिंह, प्रो. दुर्ग सिंह चौहान, डॉक्टर राम कठिन सिंह, प्रोफेसर नेत्रपाल सिंह, ओमप्रकाश सिंह, पूर्व पुलिस महानिदेशक सुलखान सिंह, शिव पूजन सिंह, डॉ. गया सिंह, डॉ. देवी प्रसाद सिंह, डॉ रघुनाथ चंद्र, डॉ. मंगल सिंह, डॉ. रामनरेश सिंह, डॉक्टर जैनेंद्र सिंह जडेजा, इंद्र भूषण सिंह, डॉ. नन्दिता सिंह, राजा बाबू सिंह, राजकुमार सिंह, गुरुप्रसाद सिंह, डॉ. मधुलिका सिंह, भरत राज सिंह, कपिल देव सिंह, प्रो. नरसिंह पाल सिंह, अवधेश प्रताप सिंह, प्रबन्ध निदेशक दयाल ग्रुप आफ कम्पनीज राजेश सिंह, राजवीर सिंह सिकरवार, कृष्ण कुमार सिंह, डीवीके सिंह विनय, मुकेश बहादुर सिंह, देवराज सिंह, पवन सिंह सेंगर, श्वेता सिंह, अनुज कुमार सिंह को सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री सुरेश राणा ने कहा कि समिति बहुत अच्छा कार्य कर रही है वीरों की श्रृंखला में महाराणा प्रताप हमेशा स्मरण किए जाते हैं। उन्होंने कहा जब विश्व में वीरों की श्रृंखला की चर्चा होती है तो उसमें महाराणा प्रताप का नाम सर्वोपरि होता है। मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह मोती सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम एक वर्ग ही नहीं समाज और देश को मजबूती मिलेगी। सही अर्थों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस संकल्प को ही बढ़ाता कि 25 अच्छे व्यक्तियों को जोड़ा जाए। इस कार्यक्रम से मुझे भी ऊर्जा मिली है। महाराणा प्रताप का स्मरण ऊर्जा का संचरण करता है। उन्होंने कहा कि यहां तमाम विभूतियों से मुलाकात से मुझे काफी कुछ सीखने को मिला है। बाबा हरदेव की उन्होंने तारीफ की कि उन्होंने इस समाज को आज भी नई दिशा देने में मुख्य भूमिका अदा कर रहे हैं। वे बधाई के पात्र हैं।

मंत्री मोती सिंह ने कहा कि बाबा हरदेव और एसकेडी सिंह इस दिशा में अच्छा कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर महा समिति के अध्यक्ष बाबा हरदेव सिंह ने कहा कि क्षत्रिय समाज को विषम परिस्थितियों से उबरने के लिए बहुत बड़े प्रयास की जरूरत है वहां समिति की महासचिव इंद्रासन सिंह हिंदुओं ने महासमिति की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। समारोह में समिति के पदाधिकारियों में वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीप्रकाश सिंह, हरनाम सिंह, डॉ. राजनारायण सिंह, धनंजय सिंह, शिव शरण सिंह, केके सिंह, एसके सिंह, डॉ. डीपी सिंह, शिव गोपाल सिंह, यदुवीर सिंह, महेन्द्र प्रताप सिंह, माधुरी सिंह, एसबी सिंह बघेल, गोविन्द सिंह चन्देल, अजय कुमार सिंह, विशाल सिंह, इन्द्रासन सिंह इन्दु, हिमांशु सिंह, उर्मिला सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।